# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–05

एकादश (बजट) सत्र
शुक्रवार, दिनांकः–03 मार्च, 2023 ई०।

समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 12:54 अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआः–

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–19

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–05 | अ०सू०–17, श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, | स0वि0स0 |
| | अ०सू०–22, श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, | स0वि0स0 |
| | अ०सू०–02, श्री केदार हजरा, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–08, श्री राजेश कच्छप, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–29, श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, | स0वि0स0 |
| (ख) अनागत कुल–14 | क्रम संख्या–70 से 83 तक। | |

(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–31

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–01 | क्र०सं०–139, श्री मनीष जायसवाल | स0वि0स0 |
| (ख) स्थगित कुल–01 | क्र०सं०–138, श्री ढुलू महतो | स0वि0स0 |
| (ग) अनागत कुल–29 | क्र०सं०–140 से 168 तक। | |

## 2. सूचना दिया जाना

प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न माननीय सदस्यों के द्वारा निम्न सूचनायें दी गयीः–

1. श्रीमती नीरा यादव, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि उनके प्रश्नों का उत्तर नहीं मिल पा रहा है। कृपया उत्तर प्राप्त करवाया जाय।

→

2. डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि पांकी में धारा–144 अबतक लगा हुआ है। कृपया इसे समाप्त करवाया जाय, ताकि वहाँ के लोग होली पर्व को निर्वाध रूप से मना सके।

3. श्री मनीष जायसवाल, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि वर्तमान समय में सरकार के द्वारा कृषि कर में 2 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। इससे आम जनता और व्यापारी परेशान हैं। कृपया इसे वापस लिया जाय।

4. डॉ0 इरफान अंसारी, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि जामताड़ा जिला के नारायणपुर में सरस्वती पूजा के दौरान दो गुटों में झड़प हुई, इस झड़प में पुलिस द्वारा एकतरफा अल्पसंख्यक समुदाय के ऊपर कार्रवाई की गयी, जिसपर कार्रवाई ली जाय।

5. डॉ0 लम्बोदर महतो, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि झारखण्ड के दर्जनों श्रमिक तमिलनाडु के त्रिपुर में फंसे हुए हैं, जहां उनपर जुल्म और अत्याचार हो रहा है। पांच लोगों की हत्या हो चुकी है। कृपया शेष लोगों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की जाय।

6. श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि धनबाद जिला और जामताड़ा जिला को जोड़ने वाला बारबेंदिया पुल बराकर नदी के ऊपर अवस्थित है, टूट गया है। पुल नहीं बनने के कारण वहां नाव से आवागमन हो रहा है। पिछले वर्ष नाव दुर्घटना में 14 लोगों की मृत्यु हो गयी है, जिन्हें अभीतक कोई मुआवजा भी नहीं मिला है। कृपया नाव आवागमन को रोकने के साथ–साथ यथाशीघ्र पुल का निर्माण किया जाय।

7. श्री अमित कुमार यादव, स0वि0स0 ने यह सूचना दिया कि तमिलनाडु के चेन्नई में झारखण्ड के मजदूरों पर अत्याचार हो रहा है। साथ ही वहां के मुख्यमंत्री ने भी उन मजदूरों को 20 मार्च तक तमिलनाडु खाली करने का आदेश दिया, जो अत्यंत ही गम्भीर विषय है। झारखण्ड सरकार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से वार्ता कर यथाशीघ्र इसका निराकरण कराए।

8. श्री कोचे मुण्डा, स0वि0स0 ने सूचना दिया क़ि तोरपा के कसमार गांव के वीरेन्द्र मांझी का मोटरसाईकिल से दुर्घटना होने पर उसे तोरपा के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक मौजूद नहीं थे। फोन से बात करने पर उन्होंने सूचना दी कि वे नास्ता के लिए गये हैं, थोड़ी देर में आ रहे हैं। बाद में उन्होंने अपना फोन स्वीचऑफ कर लिया। ससमय ईलाज के अभाव में उस व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। जो प्रभारी चिकित्सक डॉ0 मनोज कनौजिया की लापरवाही को दर्शाता है। अतः प्रभारी चिकित्सक

डॉ0 मनोज कनौजिया को बर्खास्त करते हुए मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी एवं दस लाख रूपये मुआवजा दिया जाय।

9. श्री अमर कुमार बाउरी, स0वि0स0 ने सूचना दिया कि सत्ताधारी सदस्यों का प्रश्न हमेशा शुरूआत में कैसे आ जाता है, जबकि हमारे प्रश्न नहीं आते। कृपया इसे संज्ञान में लिया जाय। इस क्रम में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा शलाकन की प्रक्रिया की निष्पक्षता बताते हुए कहा गया कि माननीय सदस्य चाहें, तो शलाकन के समय स्वयं जाकर परिपाटी को देखने और समझने का प्रयास करें।

10. श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, स0वि0स0 ने सूचना दिया कि प्रश्नकाल विलम्ब से आरम्भ होने के कारण एवं शुरूआत के माननीय सदस्यों द्वारा अनावश्यक लम्बी–चौड़ी भाषण करने के कारण हमलोगों का प्रश्न समय पर उत्तरित नहीं हो पाता है। अतः इसमें शीघ्रता बरती जाय।

## 3. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों में भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

## 4. वित्तीय कार्य

आसन द्वारा पुकारे जाने पर योजना–सह–वित्त विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री डॉ० रामेश्वर उराँव ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए एक लाख सोलह हजार चार सौ अठारह करोड़ रूपये मात्र का आय–व्ययक (बजट) का उपस्थापन सदन पटल पर किया। इसके बाद माननीय मंत्री द्वारा बजट भाषण पढ़ा गया।

माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण का शुभारंभ वीर भूमि झारखण्ड के अमर शहीदों एवं सभी नाम–अनाम वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किया, जिन्होंने देश के लिए स्वयं को न्योछावर कर दिया।

उन्होंने राज्य के बजट को जल, जंगल, जमीन की चेतना से संवेदित झारखण्ड की महान जनता को समर्पित करते हुए समस्त झारखण्डवासियों का **''हमीन कर बजट''** बताया, जिसमें प्रस्तावित योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 2023–24 को योजना क्रियान्वयन वर्ष होने के प्रति विश्वास जताया। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने साकार कर दिखाया है–

*विघ्नों को गले लगाते हैं,*
*काँटों में राह बनाते हैं,*
*है कौन विघ्न ऐसा जग में,*
*टिक सके आदमी के मग में?*
*खम ठोंक ठेलता है जब नर*
*पर्वत के जाते पाँव उखड़*
*मानव जब जोर लगाता है,*
*पत्थर पानी बन जाता है।*

इसके उपरान्त राजस्व आय, राज्य–कर आय, पूंजीगत आय' राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय सहित राजकोषीय घाटा आदि के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए राष्ट्रीय आर्थिक विकास दर, जो 2022–23 के लिए 7 प्रतिशत अनुमानित है, उसकी तुलना में राज्य का विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए राजकोषीय घाटा पर नियंत्रण, स्थापना व्यय में कमी आदि की विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इसके पश्चात् बजट में प्रमुख विभागों यथाः कृषि, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, खाद्य, श्रम नियोजन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा व कमजोर वर्ग, वन पर्यावरण, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, ऊर्जा, नगर विकास, पर्यटन, सूचना एवं जनसंपर्क, गृह सहित योजना एवं विकास के निमित्त आवंटित राशि का उल्लेख किया गया। साथ ही वर्णित विभागों के निमित्त विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लागू किये जाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हम उस खुशहाली के पथ पर अग्रसर हैं, जहाँ विकास का सूरज कभी अस्त नहीं होता है। दिनकर की कविता– ''**लोहे के पेड़ हरे होंगे**'' की इन पंक्तियों के साथ वर्ष 2023–24 का बजट सम्मानीय सदन को समर्पित करते हुए कहा–

*"दिन की कराल दाहकता पर*
*चाँदनी सुशीतल छाएगी।*
*ज्वालामुखियों के कण्ठों में*
*कलकण्ठी का आसन होगा,*
*जलदों से लदा गगन होगा*
*फूल से भरा भुवन होगा।"*

(बजट भाषण के क्रम में श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, स0वि0स0 ने बजट को निराशाजनक बताया। पुनः विरोध स्वरूप भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय सदस्यों ने 12:31 बजे अप० में सदन से बहिर्गमन किया। पुनः कुरमाली/कुड़माली सहित अन्य भाषा को सम्मिलित नहीं किए जाने का मुद्दा उठाते हुए आजसू के श्री सुदेश कुमार महतो, स0वि0स0, डॉ0 लम्बोदर महतो के साथ 12:32 अप० में सदन से बहिर्गमन किए।)

## 5. आसन से सूचना

सभा सचिवालय स्थित प्रथम तल के सेंट्रल हॉल में वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से सभी माननीय सदस्यों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था किये जाने संबंधी सूचना आसन से दी गयी तथा उसमें सम्मिलित होने के लिए सादर अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही शनिवार, दिनांक–04 मार्च, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रांची,<br>दिनांक–03 मार्च, 2023

सैयद जावेद हैदर,<br>प्रभारी सचिव,<br>झारखण्ड विधान सभा, रांची।